प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 24.11.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुमका में झारखंड फ्लाईंग इंस्टीच्यूट का किया उदघाटन, चयनित तीस युवाओं को दी जाएगी कॉमर्शियल पायलट की ट्रेनिंग।
- एसीबी ने निलंबित आईएएस विनय चौबे समेत सात के खिलाफ दायर की एक और प्राथमिकी, भ्रष्टाचार के जरिये अचल संपत्ति अर्जित करने का आरोप।
- आईआईटी आईएसएम धनबाद का नौ दिसम्बर को पूरे होंगे सौ वर्ष, तीन से नौ दिसंबर तक संस्थान में मनेगा स्थापना सप्ताह।
- बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेन्द्र का नवासी वर्ष की आयु में निधन, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने जताया शोक।
- रांची में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीस नवंबर को होनेवाले मैच के लिए कल से मिलेंगे ऑफलाइन टिकट, सताइस को पहुंचेंगे दोनों टीमों के खिलाड़ी।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज दुमका में झारखंड फ्लाईंग इंस्टीच्यूट का उदघाटन किया। इस फ्लाईंग इंस्टीच्यूट में चयनित तीस युवाओं को कॉमर्शियल पायलट की ट्रेनिंग दी जाएगी। इनमें से आरक्षित वर्ग के पन्द्रह युवाओं को शत–प्रतिशत स्कॉलरशिप दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में युवाओं को सशक्त बनाने और विकास का संकल्प दोहराया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास, उदघाटन, नियुक्ति पत्र और परिसंपत्तियों का वितरण किया। दुमका दौरे के क्रम में श्री सोरेन ने रानेश्वर प्रखंड के मुरगुनी में सिद्धेश्वरी नदी पर निर्माणाधीन मसलिया–रानेश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना की कार्य प्रगति का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिये।

****

एंटी करप्शन ब्यूरो, एसीबी ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के निलंबित अधिकारी विनय चौबे के खिलाफ एक और प्राथमिकी दर्ज की हैं। इस प्राथमिकी में उनके कई रिश्तेदारों और करीबी दोस्त विनय सिंह समेत सात लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। उन पर भ्रष्टाचार के जरिये अचल संपत्ति अर्जित करने और फर्जी लेन–देन के जरिये धन की हेराफेरी करने का आरोप है। प्राथमिकी में विनय चौबे, उनकी पत्नी स्वप्ना संचिता और उनके करीबी कारोबारी विनय सिंह समेत उनके सात रिश्तेदारों को आरोपी बनाया गया है। वर्तमान में विनय चौबे तथा विनय सिंह शराब घोटाले और जमीन घोटाले से जुड़े मामलों में जेल में बंद हैं।

****

देश में चार श्रम संहितायें लागू की गयी है, जिसका व्यापक स्वागत हो रहा है। भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय सचिव गिरीश चन्द्र आर्य ने बताया कि नई श्रम संहितायें श्रमिकों के लिए समान वेतन और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करते हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि नए श्रम सुधार भावी अर्थव्यवस्था के निर्माण, अनुपालन सरल बनाने, महिला श्रमिकों के सशक्तीकरण और वैश्विक मूल्य श्रृंखला में देश की स्थिति को मज़बूत करने के प्रति सरकार की वचनबद्धता को दर्शाते हैं। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया का एक लेख साझा करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि दुनिया एक विश्वसनीय वैश्विक भागीदार के रूप में भारत के उदय को स्वीकार करती है।

****

आईआईटी आईएसएम धनबाद का नौ दिसम्बर को सौ वर्ष पूरे हो जाएंगे। इस अवसर पर तीन से नौ दिसंबर तक संस्थान का स्थापना सप्ताह मनाया जाएगा। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा ने बताया कि आईआईटी रुड़की के बाद आईआईटी आईएसएम धनबाद सौ वर्ष पूरे करने वाला दूसरा संस्थान है। उन्होंने बताया कि स्थापना स्पताह पर हर दिन थीम आधारित कार्यक्रम होंगे।

****

गोवा के पणजी में 56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के पांचवें दिन भी सिनेमा प्रेमियों और कला प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। एक रिपोर्ट –

****

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का निधन हो गया है। वे नवासी वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार थे। उनके निधन से भारतीय सिनेमा में एक युग का अंत हो गया है। धर्मेंद्र ने छह दशकों से अधिक के करियर में तीन सौ से ज्यादा फिल्मों में काम किया। उन्हें वर्ष दो हजार बारह में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई राजनेताओं ने दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

****

सरायकेला–खरसावां जिले में 21 से 29 नवंबर तक सेवा अधिकार सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रांची के जेएससीए स्टेडियम में तीस नवंबर को होनेवाले एकदिवसीय मुकाबले के लिए कल से ऑफलाइन टिकटों की बिक्री होगी। दर्शक स्टेडियम के पश्चिम गेट के पास बने काउंटर से सवेरे नौ बजे से शाम तीन बजे तक टिकट खरीद सकेंगे। मैच को लेकर दोनों टीमों के खिलाड़ी सताईस नवंबर को रांची पहुंच जाएंगे।

****

रांची जिला एथलेटिक्स संघ की ओर से बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में अस्मिता एथलेटिक्स लीग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इसके तहत ट्राइथलॉन–ए तथा बी, छह सौ मीटर की दौड़, ऊंची कूद, लम्बी कूद और साठ मीटर की दौड़ प्रतियोगिता हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपना दम दिखाया।

*******समाप्त********